आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रतियोगी परीक्षाओं

केंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाया है। इसमें दोषियों को अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। आधिकारिक गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना में कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि कानून के प्रावधान आज से लागू हो गए हैं। सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक, 2024 छह फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा से पारित कर दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को इस विधेयक को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया।

भाजपा

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुददे पर भाजपा ने आज बिलासपुर में धरना प्रदर्शन किया। इसमें विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य पार्टी नेताओं ने भाग लिया। अपने संबोधन में जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में प्रदेश में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं और चिट्टा माफिया का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि इस दौरान हत्या के अनेक मामले हुए हैं और राज्य सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह नाकाम रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल की शांति भंग कर दी है और अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोलीकांड में कांग्रेस के पूर्व विधायक बम्बर ठाकुर और उनके बेटे का नाम जुड़ा है लेकिन प्रशासन कुछ भी नहीं कर रहा है। विपक्ष के नेता ने कहा कि जब न्यायालय और डी.सी. व एस.पी. कार्यालय के सामने गोलियां चलती हैं तो जनता असुरक्षित महसूस करती हैं। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने राज्य सरकार को माफिया राज और गुंडाराज की सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा की सरकार को कोई परवाह नहीं है और प्रदेश में हर दिन आपराधिक घटनाएं घट रही हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने धनबल का खूब उपयोग किया लेकिन जनता ने उसे नकार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार मित्रों और पत्नी की सरकार बनकर रह गई है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अभी तक हत्या के तीन सौ से अधिक जबकि नशीले पदार्थों के 2 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर तीन निर्दलीय विधायकों को त्यागपत्र देने के लिए उकसाने और उन्हें अपने पक्ष में करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास किया और प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों के लिए भाजपा जिम्मेदार हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनकल्याण के लिए समर्पित है और सरकार ने पुरानी पैंशन योजना बहाल करने के अलावा महिलाओं को 15 सौ रुपये की सम्मान राशि जारी कर इतिहास रचा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल करेगी।

जयंती

देशभर में आज संत कबीर जयंती मनाई जा रही है। संत कबीर न सिर्फ एक कवि और लेखक थे बल्कि समाज सुधारक भी थे। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा को संत कबीर जयंती मनाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कबीर जयंती पर देशवासियों को शत–शत नमन। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने न केवल सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया, अपितु दुनिया को मानवता, अध्यात्म और प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी प्रदेशवासियों को

शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि संत कबीर की शिक्षाएं आज के दौर में भी प्रासंगिक हैं और उनकी जीवन शैली व समाज के हर वर्ग के प्रति दयालुता का भाव हमारे लिए पथ–प्रदर्शक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर की कविताओं, दर्शन शास्त्र से भाईचारे और सामाजिक समरसता को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से संत कबीर की शिक्षाओं का अनुसरण कर समाज को बेहतर बनाने का आह्वान किया।

अवस्थी

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने भाजपा पर कानून व्यवस्था के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आज बिलासपुर में किया गया प्रदर्शन गैर जिम्मेदाराना है और पार्टी द्वारा राजनीतिक रोटियां सेकने का काम किया जा रहा है। अवस्थी ने कहा कि बिलासपुर कोर्ट परिसर में हुई गोलीबारी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

पठानिया

विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज कांगड़ा जिले में रैत क्षेत्र की भितलू पंचायत में 88 लाख रूपए से बनने वाली कुट–चम्यारा सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि धारकंडी और करेरी क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। पठानिया ने कहा कि इलाके में बिजली की समस्या के समाधान के लिए सुखुघाट में 22 लाख रूपए की लागत से एक विद्युत ट्रांस्फार्मर लगाया जाएगा।